ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 09 अक्टूबर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 171

पृष्ठ 4

सरकार देशभर में कफ-सिरप बनाने वाली कंपनियों की जांच करेगी:राज्यों से लिस्ट मांगी; 3 सिरप की बिक्री पर रोक, MP में अबतक 25 बच्चों की मौत



24 न्यूज अपडेट

मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप से अबतक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने देशभर में सिरप बनाने वाली फॉर्मा कंपनियों की जांच और सैंपल टेस्टिंग करने का फैसला किया है।

सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सिरप बनाने वाली कंपनियों की लिस्ट मांगी है, ताकि उनकी क्वालिटी और सुरक्षा की जांच की जा सके। CDSCO ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) को बताया कि तीन सिरप कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश-टीआर और रिलाइफ की बाजार में बिक्री और उनके प्रोडक्शन पर भी रोक लगा दी है।

वहीं, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल (DCGI) ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि दवा बनाने से पहले कच्चे माल और तैयार दवाओं की टेस्टिंग जरूर की जाए। जांच में पाया गया है कि कई दवा कंपनियां हर बैच की सही तरीके से जांच नहीं कर रहीं, जिससे दवाओं की क्वालिटी खराब हो रही है।

इससे पहले मध्य प्रदेश की SIT टीम ने बुधवार रात चेन्नई में कोल्ड्रिफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गिरफ्तारी कर लिया था। SIT ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं।

मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई कर सकता है। वकील विशाल तिवारी की याचिका में इस मामले की जांच राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या सीबीआई के जरिए विशेषज्ञों की समिति बनाकर कराए जाने की मांग की गई है।

अभी तक कोई भी राज्य पूरी तरह से सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई (CAPA) गाइडलाइन का पालन नहीं कर पाया है। यह गाइडलाइन दवाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बनाई गई है।

सरकार के आदेश के बाद 18 राज्यों के ड्रग डिपार्टमेंट ने ऑनलाइन नेशनल ड्रग्स लाइसेंसिंग सिस्टम (ONDLS) पर रजिस्ट्रेशन किया है। यह एक सिंगल-विंडो डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिससे दवाओं से जुड़े सभी लाइसेंस और परमिशन ऑनलाइन दी जा सकती हैं।

तमिलनाडु सरकार की जांच कमेटी को कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिली थीं। जिन्हें क्रिटिकल और मेजर श्रेणी में रखा गया था। तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने 7 अक्टूबर को सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। सरकार ने पांच दिन के अंदर कंपनी से जवाब मांगा था।

AI रोबोट चलती ट्रेन में खराबी रियल टाइम बताएगा:गाड़ियों की हेल्थ लाइव ट्रेक होगी, ATM से मिलेगा अनाज



24 न्यूज अपडेट

इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025 का आज दूसरा दिन है। इसमें चलती हाई स्पीड ट्रेन में खराबी का पता लगाने वाले AI रोबोट से लेकर गाड़ियों की रियल टाइम हेल्थ ट्रेक करने वाले मॉनिटरिंग डिवाइस जैसे कई टेक इनोवेशन पेश किए गए।

दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 11 अक्टूबर तक चलने वाले एशिया के इस सबसे बड़े डिजिटल-टेक इवेंट में 120 देशों के 1.5 लाख से ज्यादा लोग पहुंचेंगे। इसमें 500 स्टार्टअप के साथ 400 से ज्यादा कंपनियों ने अपने इनोवेशन पेश किए हैं।


हिताची में AI रिसर्चर विवेक कुमार ने बताया कि कैमरा विजन टेक्नोलॉजी से ट्रेन ज्यादा सुरक्षित होंगी। हाई क्वालिटी कैमरे और AI हाई स्पीड ट्रेन में छोटी से छोटी खराबी को पकड़ लेंगे।

इससे ट्रेन को लाइव स्क्रीन कर सकते हैं। इस टेक्नोलॉजी को रोबो डॉग की मदद से इस्तेमाल किया जा सकता है।

यह इतनी तेजी से काम करता है कि ट्रेन के किसी भी हिस्से में टूट-फूट पकड़ सकता है और इसके साथ रियल टाइम में अपडेट भी भेज सकता है।

इससे मेंटेंनेस आसान होगा और क्षमता बढ़ेगी। ऐसी किसी खराबी को सेमी स्किल्ड इंजीनियर ठीक कर सकते हैं। AR ग्लास लाइव बताएंगे कि खराबी को कैसे सुधार सकते हैं। टेक कंपनी एरिक्सन ने IMC में अन्नपूर्ति नाम की मशीन पेश की। यह एक ऑटोमेटेड मल्टी-कमोडिटी ग्रेन डिस्पेंसिंग मशीन है, जिसे 'Grain ATM' कहा जाता है। यह मशीन राशन कार्ड धारकों को सब्सिडी वाले अनाज (जैसे- गेहूं, चावल और बाजरा) तेजी, सटीकता और बिना बर्बादी के देती है। यह 24X7 अवेलेबल है। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाती है।

जैश-ए-मोहम्मद ने बनाई पहली महिला आतंकियों की यूनिट, सादिया अजहर संभालेंगी कमान



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (JeM) ने पहली बार महिला आतंकियों की अलग यूनिट बनाई है, जिसका नाम 'जमात-उल-मोमिनात' रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नई यूनिट में भर्ती प्रक्रिया 8 अक्टूबर से पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित मरकज उस्मान-ओ-अली में शुरू हो चुकी है। यूनिट की कमान मौलाना मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर संभालेंगी। सादिया के पति यूसुफ अजहर 7 मई को भारत के ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में एक मस्जिद को निशाना बनाया गया था, जिसमें कई आतंकी ढांचे तबाह हुए थे। इस यूनिट में आतंकियों की पत्नी और गरीब महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। ये महिलाएं बहावलपुर, कराची, मुजफ्फराबाद, कोटली, हरिपुर और मंसेहरा के मदरसों में पढ़ती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में आशंका जताई गई है कि इन महिलाओं का इस्तेमाल आत्मघाती हमलों में किया जा सकता है। पहले JeM महिलाओं को लड़ाई में शामिल नहीं करता था, लेकिन पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद मसूद अजहर और उनके भाई तल्हा अल-सैफ ने नीति बदली। ISIS और बोको हरम जैसी अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन पहले ही महिलाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन JeM, लश्कर और हिजबुल जैसी संगठन अब यह कदम उठा रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद JeM, हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा ने अपने कैंप्स पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (KPK) प्रांत में शिफ्ट कर लिए हैं और अपने ढांचों को पुनः बनाने के लिए आम लोगों से चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। इस ऑपरेशन में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए थे। इसमें मसूद की बड़ी बहन, उसका पति, भतीजा और उसकी पत्नी, एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल थे। हमले के वक्त मसूद अजहर मौके पर नहीं था, इसलिए उसकी जान बच गई।

2022 से पहले भ्रूण फ्रीज, तो सरोगेसी कानून से छूट:सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मां-बाप कौन बनेगा, यह सरकार तय नहीं कर सकती

24 न्यूज अपडेट



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 2022 से पहले अगर महिला ने भ्रूण (फर्टिलाइज एग्स) फ्रीज करा दिया है तो उसे सरोगेसी कानून के तहत एज लिमिट से छूट मिल सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने सरकार की तरफ से बढ़ती उम्र को चिंता का कारण बताने पर फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा- कौन मां-बाप बन सकता है, ये सरकार तय नहीं कर सकती क्योंकि नेचुरल प्रोसेस में भी कोई एज लिमिट नहीं है।

दरअसल, यह पूरा मामला सरोगेसी कानून 2021 से जुड़ा है, जो जनवरी 2022 में लागू हुआ था। कानून के मुताबिक, जिन पुरुष की आयु 26-55 साल और महिला की आयु 23-50 साल के बीच है, उन्हीं को सरोगेसी की परमिशन होगी।

इस कानून के खिलाफ कई याचिकाएं लगाई गईं। मुख्य याचिकाकर्ता चेन्नई बेस्ड इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ अरुण मुथुवेल हैं, जिन्होंने कॉमर्शियल सरोगेसी पर बैन हटाने की भी मांग की थी। कोर्ट ने महीनों चली सुनवाई के बाद जुलाई 2025 में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

10 ग्राम सोना 4 दिन में 5,675 महंगा हुआ:कीमत 1.23 लाख, चांदी के दाम आज 6,850 बढ़े; फेस्टिव सीजन का असर



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम आज यानी 9 अक्टूबर को लगातार चौथे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 521 रुपए बढ़कर 1,22,629 रुपए हो गई। इस हफ्ते 4 कारोबारी दिन में सोने के दाम 5,675 रुपए बढ़ चुके हैं।

वहीं, आज चांदी 6,850 रुपए महंगी होकर 1,59,550 प्रति किलो पर पहुंच गई है। कल ये 1,52,700 रुपए पर थी। इस हफ्ते चार दिन चांदी 13,940 महंगी हो चुकी है।

क्रिकेटर रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से मिली धमकी, मांगी 5 करोड़ रुपए की फिरौती, दो गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

बॉलीवुड के बाद अब क्रिकेट जगत में भी अंडरवर्ल्ड का साया दिखाई देने लगा है. भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य रिंकू सिंह को 5 करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है. यह धमकी किसी और ने नहीं, बल्कि भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की डी-कंपनी के द्वारा दी गई थी.

इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि, इस मामले ने खेल जगत में हलचल मचा दी है.

क्या है असली वजह

क्रिकेटर रिंकू सिंह से 5 करोड़ रुपये की फिरौती डी कंपनी ने मांगी गई थी. रिंकू के मोबाइल पर पहला धमकी भरा मैसेज 5 फरवरी 2025 की सुबह 7:57 बजे आया था. इसमें लिखा था, "उम्मीद है आप ठीक होंगे. मैं आपका सबसे बड़ा प्रशंसक हूं और मुझे खुशी है कि आप केकेआर के लिए आईपीएल खेल रहे हैं. रिंकू सर, मुझे यकीन है कि एक दिन आप अपने करियर के शिखर पर पहुंचेंगे." सर, एक गुजारिश है कि अगर आप मेरी थोड़ी आर्थिक मदद कर सकें तो अल्लाह आपको और भी तरक्की देगा, इंशा अल्लाह." रिंकू ने इस मैसेज को ज्यादा महत्व नहीं दिया और कोई जवाब नहीं दिया.

इसके बाद, 9 अप्रैल 2025 की रात 11:56 बजे रिंकू सिंह को एक और मैसेज आया. इसमें कहा गया "मुझे 5 करोड़ रुपये चाहिए. समय और जगह मैं तय करूंगा." रिंकू ने इस दूसरे धमकी भरे मैसेज का भी कोई जवाब नहीं दिया. इसके बाद 20 अप्रैल को सुबह 7:41 बजे अंग्रेजी में एक और संदेश आया, जिसमें लिखा था, 'रिमाइंडर! डी-कंपनी.'

हिंदू से मुस्लिम बनी पत्नी ने इस वजह से करवाई अपने पति की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा



24 न्यूज अपडेट

यूपी के गाजियाबाद में 7 अक्टूबर की रात हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस ने हत्या में शामिल पत्नी, उसके प्रेमी और तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तीन तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं. हालांकि, अभी भी 3 आरोपी फरार हैं. मृतक और आरोपी सभी बदमाश हैं और सब पर कई मुकदमे चल रहे हैं.

7 अक्टूबर की रात को की गई थी हत्या

एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि 7 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे आसिफ उर्फ गुल्लू, निवासी डासना की सिकरोड अंडरपास के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. मृतक के भाई की तहरीर पर थाना मसूरी में मामला दर्ज किया गया था. इस मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया. जांच के दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी अर्शी के मोहल्ले में रहने वाले युवक रिहान के साथ प्रेम संबंध थे. मृतक आसिफ पर पहले से कई मुकदमे दर्ज थे और वह अप्रैल 2025 में जेल से रिहा हुआ था.


मृतक के जेल से रिहा होने के बाद अर्शी और रिहान को मिलने में होती थी दिक्कत

मृतक के जेल से आने के बाद अर्शी और रिहान के मिलने-जुलने में दिक्कत आने लगी थी. इसी कारण दोनों ने षड्यंत्र रचकर आसिफ की हत्या की योजना बनाई थी. इसके लिए रिहान ने अपने साथियों बिलाल, जीशान और उमेश की मदद ली थी. योजना के अनुसार आसिफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने इस हत्याकांड में रिहान, बिलाल, जीशान, उमेश और अर्शी को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी गुलफाम और दानिश फरार बताए जा रहे हैं. पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है.

पहले हिंदू थी अर्शी

अर्शी पहले हिंदू धर्म से थी 2021 में अर्शी ने आसिफ से दूसरी शादी करी थी और उसके बाद मुसलमान बन गई थी. आसिफ की भी दूसरी शादी थी.

सेंसेक्स 398 अंक चढ़कर 82,172 पर बंद:निफ्टी में भी 135 अंक की तेजी रही, मेटल और IT शेयर्स में बढ़त



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 9 अक्टूबर को बढ़त रही। सेंसेक्स 398 अंक की बढ़त के साथ 82,172 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 135 अंक की तेजी रही। ये 25,181 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और 7 में गिरावट रही। आज मेटल IT, और FMCG शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। टाटा स्टील और HCL टेक के शेयर 2% से ज्यादा चढ़कर बंद हुए।

एयरफोर्स-डे पर परोसी गईं पाकिस्तानी शहरों के नाम की डिशेज:रावलपिंडी चिकन टिक्का से बहावलपुर नान तक

24 न्यूज अपडेट

इंडियन एयरफोर्स की 93वीं एनिवर्सरी बुधवार को मनाई गई। एयरफोर्स-डे सेलिब्रेशन के डिनर का मेन्यू वायरल हो रहा है। डिनर में परोसी गई डिशेज के नाम पाकिस्तान के उन जगहों पर थे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निशाना बनाया गया था।

एयरफोर्स-डे पर डिनर में रावलपिंडी चिकन टिक्का मसाला, रफीकी रहरा मटन, भोलारी पनीर मेथी मलाई, सुक्कुर शाम सवेरा कोफ्ता, सरगोधा दाल मखनी, जकोबाबाद मेवा पुलाव और बहावलपुर नान डिशेज परोसी गईं। मिठाई में बालाकोट तिरामिसु, मुजफ्फराबाद कुल्फी फालूदा और मुरीदके मीठा पान शामिल थे।

संपादकीय : सुरक्षा का दायरा

सड़कों पर पैदल चलने वालों को सुरक्षा का उतना ही अधिकार है, जितना वाहनों में सवार लोगों का होता है। इस पर गौर करना जरूरी है कि सड़कें केवल वाहनों के लिए नहीं हैं, पैदल यात्रियों को भी उन पर चलने का हक है। यातायात नियम भी सभी पर लागू होते हैं। मगर सवाल है कि क्या पैदल यात्रियों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जा रहा है ? हर वर्ष सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में बड़ी संख्या पैदल यात्रियों की होती है। यह सड़कों पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा में एक गहरी प्रणालीगत विफलता है। यही वजह है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों तथा गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया है। इसके लिए छह माह की समय सीमा तय की गई है। हालांकि, कुछ राज्य इस दिशा में पहले ही कदम बढ़ा चुके हैं, लेकिन उनकी नियमावली या तो पूरी तरह स्पष्ट नहीं है या फिर उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है। देश में सड़क सुरक्षा की स्थिति क्या है, इसका अंदाजा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों जारी एक रपट से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में देश भर में 4.8 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं। इनमें से करीब 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई और 4.62 लाख लोग घायल हुए। इन हादसों में जान गंवाने वालों में 68 फीसद पैदल यात्री और दोपहिया सवार शामिल थे। यह आंकड़ा बताता है कि सड़कों पर सबसे ज्यादा खतरा पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों को होता है। दरअसल, देश में ज्यादातर सड़कें मुख्य रूप से वाहनों को ध्यान में रख कर ही बनाई गई हैं, जिससे पैदल यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। यह बात छिपी नहीं है कि अधिकांश शहरों में फुटपाथ या तो हैं ही नहीं या वे टूटे हुए हैं या फिर उन पर अतिक्रमण हो गया है। इस वजह से नागरिकों को मुख्य सड़कों पर चलने के लिए विवश होना पड़ता है, जहां तेज रफ्तार वाहनों से हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। * सड़कों पर यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने और सुरक्षा के लिए देश में मोटर वाहन अधिनियम बनाया गया है, मगर उसमें 'पैदल चलने के अधिकार' को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। इस कारण पैदल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। भारतीय सड़क कांग्रेस ने वर्ष 2012 में फुटपाथों को लेकर कई सुझाव दिए थे, जिनमें पैदल चलने के लिए कम से कम 1.8 मीटर चौड़ा और बाधा - मुक्त क्षेत्र बनाने का सुझाव भी शामिल था। इसके अलावा सरकार की ओर से सड़क सुरक्षा शिक्षा देने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने, सड़कों की बनावट में सुधार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर भी अभियान शुरू किया गया है। मगर इस दिशा में जमीनी स्तर पर अभी भी कोई खास सुधार नजर नहीं आता है। वास्तविकता यह है कि सड़क बनाने और रखरखाव का काम करने वाली एजंसियां भी यातायात नियमों को अनदेखा कर देती हैं। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों के लिए डिजाइन के मानकों, निर्माण और रखरखाव को लेकर भी राज्यों को नियम बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

दरकते पहाड़

हिमालवी राज्यों में पहाड़ों के दरकने का सिलसिला आखिर क्यों शुरू हो गया है ? हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुए हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है। कहीं यह विकास की धारा में पहाड़ों की प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा तो नही है! बाढ़ और भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं इसी ओर इशारा कर रही हैं। गौरतलब है कि बिलासपुर जिले के बरठीं में मंगलवार शाम को पहाड़ का एक हिस्सा टूट कर निजी बस पर जा गिरा, जिससे कई लोगों की जान चली गई । कहा जा रहा है कि जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां पहाड़ से अक्सर पत्थर गिरते थे। इसके बावजूद उस स्थान को चिह्नित कर सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए। यह गंभीर चिंता का विषय है कि पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन से हादसे लगातार बढ़ रहे हैं, मगर इसे सिर्फ भारी बारिश से जोड़कर ही देखा जाता रहा है। जबकि अनियंत्रित निर्माण कार्यों और वन भूमि के क्षरण के पहलू की अनदेखी की जा रही है। इसमें दोराय नहीं कि हम पहाड़ों को संरक्षित करने के बजाय उन्हें लगातार क्षति पहुंचा रहे हैं। पहाड़ों की सुंदरता पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करती है और उनकी सुविधा के लिए वहां नई सड़कों का निर्माण एवं विस्तार के साथ सुरंगें तैयार की जा रही हैं। जाहिर है, इसके लिए पहाड़ों को काटा जा रहा है, जिससे वे अंदर से खोखले हो रहे हैं। सैलानियों की बढ़ती संख्या और वाहनों का दबाव भी पहाड़ों को झेलना पड़ रहा है। रही- सही कसर पेड़ों की अनियंत्रित कटाई ने पूरी कर दी है। अब पहाड़ इतने कमजोर हो गए हैं कि भारी बारिश या बादल फटने की स्थिति में वे खुद को संभाल नहीं पाते हैं। इसका नतीजा बाढ़ और भारी भूस्खलन के रूप में सामने आता है। नीति निर्माताओं और जनता को यह याद रखना होगा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण एवं प्रकृति का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। अगर ऐसा नहीं तो इसकी कीमत हमें जानमाल के नुकसान में चुकानी पड़ सकती है। अब समय आ गया है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाए और संतुलित विकास की ओर कदम बढ़ाया जाए।

बांसवाड़ा में क्रिप्टो निवेश के नाम पर 15 लोगों से 15 करोड़ की ठगी



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा, 9 अक्टूबर। बांसवाड़ा जिले के कई गांवों में क्रिप्टो निवेश के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। ठगी के शिकार 15 पीड़ित गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक (SP) कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। सरोदा गांव के सगे भाई भावेश और रितिक माली ने बताया कि कुछ लोगों ने संपर्क कर क्रिप्टो में निवेश और मोटे मुनाफे का लालच दिया। आरोपियों ने कई लोगों से निवेश कराकर कुल 15 करोड़ रुपए तक ऐंठ लिए। पीड़ितों के अनुसार, उन्हें प्रति माह 10% रिटर्न का झांसा दिया गया। ठगी के शिकार लोगों ने बताया कि उन्होंने 1 लाख 14 हजार रुपए निवेश कर आईडी बनवाई और 5 साल तक हर महीने 10 हजार रुपए से अधिक रिटर्न पाने का वादा किया गया। कुछ महीनों तक पैसे आए, लेकिन फिर रिटर्न बंद हो गया। अर्ज है कि आरोपियों ने बड़े होटलों में मीटिंग कर निवेशकों को भरोसा दिलाया। उन्हें बताया गया कि क्रिप्टो निवेशकों के लिए नया कॉइन लॉन्च किया जाएगा, जिससे आय बढ़ेगी। आरोपियों ने गोवा के महंगे होटल और बांसवाड़ा के कई होटलों में सेमिनार आयोजित कर निवेशकों को भाषण दिलवाया और नए निवेशकों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। ठगी की रिपोर्ट सौंपने वाले 15 पीड़ित इस प्रकार हैं: सुरेश पुत्र शांतिलाल माली, अशोक पुत्र मंगलजी माली, जितेन्द्र माली पुत्र बद्रीनाथ माली, गजेन्द्र माली पुत्र नटवरलाल माली, मीठालाल पुत्र केवलजी माली, विनोद पुत्र लक्ष्मीलाल माली, शुभम गेहलोत पुत्र लक्ष्मीलाल माली, प्रवीण पुत्र हीरालाल माली, विशाल पुत्र शिवराम माली, अभिमन्यु सिंह पुत्र शंभुसिंह झाला, गुणवंतसिंह पुत्र दलपतसिंह, मोहन पुत्र वेणीराम माली, योगेन्द्र पुत्र बालारामजी गेहलोत, विजय पुत्र भूपेन्द्र माली, निलेश भट्ट पुत्र विनोद भट्ट। जिले की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

ग्राम पंचायत राशमी के सरपंच पर 3 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप, एसीबी ने दर्ज किया मामला



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ग्राम पंचायत राशमी के सरपंच श्री बंशी लाल रेगर के खिलाफ 3 लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसीबी रेंज उदयपुर के उप महानिरीक्षक श्री प्रहलाद सिंह कृष्णिया के सुपरविजन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह के नेतृत्व में की गई।

मामले का विवरण

जानकारी के अनुसार, दिनांक 13 अगस्त 2025 को एक परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके और उनके भाई के निवास तथा स्वर्गीय दादाजी के कब्जाधारक भूखण्ड का पट्टा बनवाने के लिए उन्होंने सरपंच से संपर्क किया। इसके जवाब में सरपंच ने 6 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। रिपोर्ट पर नियमानुसार सत्यापन किया गया। इस दौरान यह पाया गया कि सरपंच ने 3 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी और 1 लाख 50 हजार रुपये की पहली किश्त लेने के लिए सहमत हुए।

ट्रेप कार्यवाही और सरपंच की अनुपस्थिति

दिनांक 15 अगस्त 2025 को परिवादी को सरपंच के निवास पर 1 लाख 50 हजार रुपये की पहली किश्त देने के लिए भेजा गया। हालांकि, सरपंच ने एसीबी की कार्रवाई का शक होने पर अपने परिवार सहित घर पर ताला लगा दिया और मोबाइल स्विच ऑफ कर गायब हो गए। इस कारण अग्रिम ट्रेप कार्यवाही नहीं की जा सकी। इस मामले को एसीबी मुख्यालय को रिपोर्ट किया गया और मुकदमा संख्या 258/2025 दर्ज किया गया। प्रकरण की अग्रिम जांच अब श्री विक्रम सिंह परमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसीबी प्रतापगढ़ के जिम्मे सौंपी गई है। एसीबी अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रष्टाचार के मामलों में विभाग सतर्क है और ऐसे आरोपों की गंभीरता से जांच की जाएगी।

महाराणा भूपाल अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन

प्रशासन ने परखी आपदा प्रबंधन की तैयारियां, मात्र 5 मिनट में पहुँची राहत टीमें



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 09 अक्टूबर। संभाग के सबसे बड़े राजकीय चिकित्सालय महाराणा भूपाल अस्पताल में गुरुवार को जिला प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखना और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था। अभ्यास के तहत सुपर स्पेशियलिटी परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मात्र 5-7 मिनट में अस्पताल परिसर में पहुंचीं और तत्परता के साथ आग बुझाने का अभ्यास किया गया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा दल, आपदा प्रबंधन टीमें तथा अस्पताल का स्टाफ मौके पर जुटा और राहत एवं बचाव कार्यों का त्वरित संचालन किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों की रही मौजूदगी

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा ने बताया कि ऐसे अभ्यास प्रशासनिक और चिकित्सा व्यवस्थाओं के बीच तालमेल को मजबूत करते हैं। आगजनी या किसी अन्य आपदा की स्थिति में समय पर प्रतिक्रिया और बचाव कार्य ही जनहानि को रोकने का सबसे बड़ा उपाय है। आपदाओं प्रबंधन में यथासंभव कोई कमी ना रहे तथा तय मानकों के अनुरूप अग्निशमन एवं अन्य उपकरण अस्पताल में मौजूद रहे इस संबंध निर्देश दिए गए हैं। एमबी अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन नियमित रूप से इस प्रकार की मॉक ड्रिल आयोजित करता है, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मॉक ड्रिल के दौरान एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह, आएनटी मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. विपिन माथुर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल सहित अन्य प्रशासनिक एवं चिकित्सकीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर पूरे अभ्यास का अवलोकन किया और तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

डूंगरपुर में आयकर विभाग की छापेमारी, श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन के ऑफिस और घर पर कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। गुरुवार सुबह आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम ने डूंगरपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए जीआर इंफ्रा के सबलेट ठेकेदार श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन के कार्यालय और घर पर एक साथ छापेमारी की। टीम दो अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम दो गाड़ियों से गुरुवार सुबह डूंगरपुर पहुंची। इसके बाद टीम ने श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन के तिजवड़ स्थित ऑफिस और शहर के प्रतापनगर क्षेत्र में ठेकेदार के आवास पर छापा मारा। कार्रवाई की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन जीआर इंफ्रा के सबलेट ठेकेदार के रूप में नेशनल हाईवे और अन्य सड़कों के निर्माण कार्यों में संलग्न है। आयकर विभाग की टीमें कंस्ट्रक्शन कार्यों से जुड़े दस्तावेजों और लेनदेन में संभावित गड़बड़ियों की जांच कर रही हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फिलहाल कार्रवाई जारी है। वहीं, आयकर विभाग के अधिकारियों की ओर से अब तक मीडिया को कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

हैंडबॉल व शतरंज प्रतियोगिता में बालिका धानमंडी विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, धानमंडी की छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय तथा उदयपुर का नाम गौरवान्वित किया है। हैंडबॉल (अंडर-17) वर्ग में कोमल नागदा का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। वहीं हैंडबॉल (अंडर-19) वर्ग में विद्यालय टीम ने जिला स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया तथा राज्य स्तर के लिए महिमा वर्मा एवं अंजु ओड़ का चयन हुआ। इसके अलावा, जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भूमिका साहू का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। इस अवसर पर सभी विजेता छात्राओं एवं शारीरिक शिक्षिका विष्णुकांता शर्मा को उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान सीमा कुमावत ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि "हमारी छात्राओं ने अपनी मेहनत, एकाग्रता और लगन के बल पर विद्यालय तथा उदयपुर का गौरव बढ़ाया है।" कार्यक्रम में शिल्पा याज्ञिक, आलम आरा, आभा तिवारी, प्रताप सिंह, संगीता सिंघवी, कुसुमलता, पूनम गुप्ता, अक्षिता, अखिलेश एवं अरुणा व्यास सहित अन्य शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।

रतन टाटा की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व कुश्ती प्रतियोगिता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारत के प्रख्यात उद्योगपति रतन टाटा की पहली पुण्यतिथि पर सोमवार को पृथ्वी माँ सोशल एजुकेशन सोसायटी के तत्वावधान में श्री चतुर्भुज हनुमान राष्ट्रीय व्यायामशाला, हरिदास जी की मगरी, उदयपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष पंकज सेन ने रतन टाटा को याद करते हुए कहा कि "रतन टाटा का समर्पण और भारत के विकास के प्रति उनका जुनून अद्वितीय था। उन्होंने टाटा समूह को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई और भारतीय उद्योग जगत को सशक्त बनाया।" श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ ही व्यायामशाला परिसर में एक दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के पहलवानों ने दमखम दिखाया। विजेता पहलवानों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यायामशाला संचालक कृष सेन, कोच हेमंत अठवाल, राकेश सेन, सुंदर सोलंकी, बाली सेन, आदिति सेन, विशाल सोलंकी सहित अनेक सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सोसायटी सदस्यों ने किया तथा अंत में सभी उपस्थित जनों ने रतन टाटा के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में 31 अक्टूबर तक किये जा सकेगें आवेदन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। अल्पसंख्यक समुदायों की छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने वाली कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजनान्तर्गत आवेदन 23 से 31 अक्टूबर तक किये जा सकेगें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबु शर्मा ने बताया कि इच्छुक छात्राएं आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित आवेदन पत्र ऑनलाईन भरकर निर्धारित तिथि तक पोर्टल पर अपलोड कर सकती हैं। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। अल्पसंख्यक समुदायों की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राएं स्कूटी योजना हेतु नियमानुसार आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकती है।

जलापूर्ति रहेगी बाधित

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 09 अक्टूबर। मानसी वाकल के पंपिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रिक फाल्ट आने से नगर उपखण्ड सप्तम प्रताप नगर क्षेत्र में शुक्रवार 10 अक्टूबर को होने वाली जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि न्यू भोपाल पूरा, कालका माता, केशव नगर जलाशयों से 10 को होने वाली जलापूर्ति 11 अक्टूबर को होगी ।

सांसद रावत का डीजीपी को ज्ञापन, गालीबाज पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करो



RAJKUMAR ROAT
Member of Parliament (Lok Sabha)
Banswara
Member:
• Standing Committee on Social Justice and Empowerment
• Central Tribal Advisory Committee
• Jammu AIIMS
New Delhi Address:
16-A First Main Road, New Delhi 110 001
Mobile : +91-9602284490, 9024751804
Home Address:
Ma.-Kharwada, Post Pal Samarpur
Teh. Jhandol, Distt.- Dungarpur (Raj.)
Office Mobile: +91-8275541307
Sr. No. Banswara /
Date :
श्रीमान पुलिस महानिदेशक (DGP)
राजस्थान, जयपुर।
विषय :– लोकसभा सांसद की हत्या करने/हत्या कराने के लिए 1 करोड़ देने की घोषणा की गई है, जिसमें SC/ST एक्ट (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 एवं धारा 506 के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के संबंध में।
उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 को मैं राजकुमार रोत, लोकसभा सांसद (संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर-बांसवाड़ा), उदयपुर जिले के सर्किट हाउस में कई मीडिया कर्मियों के साथ मिलीभगत कर पाँच गरीब आदिवासियों को झूठे मामलों में फँसाने और उनकी जमीन हड़पने के आरोपों को लेकर आयोजित की गई थी।
सांसद के अनुसार, जब वे इस विषय पर फेसबुक लाइव के माध्यम से जनता को संबोधित कर रहे थे, तभी "चंद्रवीर सिंह" नामक व्यक्ति ने लाइव प्रसारण के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियाँ करते हुए माँ-बहन की गालियां दीं और गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने यह घोषणा भी की कि "जो कोई सांसद राजकुमार रोत की हत्या करेगा, उसे एक करोड़ रुपये इनाम दिया जाएगा।"
सांसद ने कहा कि इस तरह की खुली धमकी न केवल लोकसभा सदस्य के जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न करती है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी सीधा प्रहार है। उन्होंने डीजीपी से अनुरोध किया कि आरोपी के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।
सांसद ने बताया कि पूरी घटना का वीडियो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध है, जिसे पुलिस को प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने मांग की कि मामले में SC/ST अत्याचार निवारण अधिनियम, आईपीसी की धारा 506 (आपराधिक धमकी) सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दोषी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।
ज्ञापन की प्रतिलिपि उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (IGP) को भी भेजी गई है। सांसद रोत ने कहा कि वे अपेक्षा करते हैं कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन इस गंभीर प्रकरण में संवेदनशीलता दिखाते हुए उदाहरणात्मक कार्रवाई करेगा, ताकि जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा और लोकतांत्रिक मर्यादाएं बनी रहें।

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार रोत को सोशल मीडिया लाइव के दौरान जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। सांसद ने इस प्रकरण में राजस्थान पुलिस महानिदेशक (DGP), जयपुर को ज्ञापन सौंपते हुए SC/ST (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।
सांसद रोत ने ज्ञापन में बताया कि 7 अक्टूबर 2025 को वे उदयपुर सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को संबोधित कर रहे थे। यह प्रेस वार्ता नाई थाना प्रभारी एवं कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा भूमि दलालों के साथ मिलीभगत कर पाँच गरीब आदिवासियों को

अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का पर्दाफाश : 6 लोडेड हथियार और 8 कारतूस बरामद, दो हिस्ट्रीशीटर सहित 6 गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 9 अक्टूबर। झालावाड़ जिले की झालरापाटन पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 6 अवैध लोडेड देशी हथियार पिस्टल और कट्टे और 8 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं।
गिरफ्तार किए गए आरोपियों में थाना सदर झालावाड़ का हिस्ट्रीशीटर नन्दलाल उर्फ नन्दा गुर्जर और सुसनेर मध्यप्रदेश का हिस्ट्रीशीटर हाफीजुल्ला उर्फ हाफिज खान भी शामिल हैं, जो लोडेड अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए हैं। इन दोनों बदमाशों के विरुद्ध राजस्थान और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में गंभीर प्रकृति के करीब ढाई दर्जन अपराधिक प्रकरण दर्ज है। सरगना लालू खटीक सहित 6 धरे गए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा और पुलिस उप अधीक्षक हर्षराज सिंह खरेडा के सुपरविजन में थानाधिकारी हरलाल मीणा के नेतृत्व वाली विशेष टीम को झालरापाटन निवासी लालचन्द उर्फ लालू खटीक (35) के अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में लिप्त होने की सूचना मिली थी।
इनपुट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 07 और 08 अक्टूबर को अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी और गिरोह के सभी छह सदस्यों को लोडेड हथियारों के साथ धर दबोचा।
गिरोह के सरगना लालचन्द उर्फ लालू खटीक (35) निवासी झालरापाटन को भैरूपुरा बस्ती से एक देशी पिस्टल मय 2 जिन्दा कारतूस के साथ, हिस्ट्रीशीटर नन्द लाल उर्फ नन्दा गुर्जर (23) निवासी चांदियाखेड़ी को दूध डेयरी तिराहे के पास से एक देशी पिस्टल मय 2 जिन्दा कारतूस के साथ और हिस्ट्रीशीटर हाफीजुल्ला उर्फ हाफिज खान (35) निवासी सुसनेर जिला आगर एमपी को पूर्वज होटल के पास से एक देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया।
इसी प्रकार देव सिंह गुर्जर (58) व बालसिंह गुर्जर (40) निवासी भालता को पुराना टोल नाका तिराहा से 12 बोर के एक-एक देशी कट्टा मय 1-1 जिन्दा कारतूस के साथ और रामनारायण दांगी (67) निवासी रायपुर जिला झालावाड़ को माधोपुर पुलिया के पास से एक 12 बोर के देशी कट्टा मय 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

सांसद रावत ने रस्साकशी में आजमाए हाथ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवाह्न पर आयोजित खेलो इंडिया-फिट इंडिया अभियान के तहत तीन माह तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव का गुरुवार को सलूंबर जिले के बस्सी में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और पारंपरिक खेलों में स्वयं भी रस्साकसी का अनुभव लिया। सांसद रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत विकसित देश बने, और इसकी जिम्मेदारी नागरिकों पर है। स्वस्थ तन और स्वस्थ मन ही कार्यक्षमता और जीवन में सकारात्मकता लाते हैं, और खेल इस दिशा में अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल और टेलीविजन के युग में खेल मैदान सुनसान हो रहे हैं, लेकिन खेल महोत्सव के माध्यम से गांव-गांव में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देना और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है। सांसद ने बताया कि महोत्सव तीन चरणों में आयोजित होगा, जिसमें जन-जन और गांव-गांव से खिलाड़ी जुड़ेंगे। कार्यक्रम में सलूंबर विधानसभा संयोजक एवं उपप्रधान देवेंद्र सिंह अजबावत, छप्पन मंडल अध्यक्ष अमरलाल पटेल, सह संयोजक करण सिंह पंवार, मंडल संयोजक अर्जुन मेहता टोडा, महामंत्री मानसिंह पवार, बस्सी सामचोत उपसरपंच दोलतसिंह, विद्यालय प्राचार्य, शारीरिक शिक्षक, ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्रामवासी और खिलाड़ी उपस्थित रहे। सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा संयोजक चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम से न केवल खेलों में रुचि बढ़ेगी, बल्कि स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ परंपरा, विज्ञान और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय की दिखी झलक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को 'भारतीय ज्ञान तंत्र' आधारित ड्रामा, आर्ट एंड एस्थेटिक्स प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इस प्रदर्शनी में परंपरा, विज्ञान और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय की झलक देखने को मिली।
कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. बलिदान जैन और डॉ. अमी राठौड़ ने फीता काटकर किया।
प्रदर्शनी में बी.ए.-बी.एड. एवं बी.एससी.-बी.एड. विभाग के चतुर्थ वर्ष के छात्र-अध्यापकों ने अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, विज्ञान और अध्यात्म के गहरे संबंध को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में अष्टांग योग, मूल चक्र, पंचांग तिथि, तिलक के प्रकार और उनके प्रभाव, वेद चिन्ह, ओम् का महत्व, स्वस्तिक निर्माण पद्धति, दस महाविद्या एवं सोलह संस्कार जैसे विषयों को वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से दर्शाया गया।
विद्यार्थियों ने मंडला आर्ट, क्विलिंग आर्ट, मिरर वर्क और हैंडमेड आर्टवर्क के माध्यम से भारतीय सौंदर्यबोध की परंपरा को भी सजीव किया। वहीं, पर्यावरण संरक्षण के संदेश को साकार करते हुए छात्रों ने कॉटन बैग्स पर हस्तनिर्मित चित्रांकन कर "पर्यावरण बचाओ" का संदेश दिया।
इस अवसर पर कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि "भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व में अद्भुत है, इसे आने वाली पीढ़ी तक सहेजकर पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं।" प्रदर्शनी का संयोजन डॉ. इंदु बाला आचार्य एवं डॉ. लक्ष्मण रेवाड़ी के निर्देशन में विद्यार्थियों के सहयोग से किया गया।
इस अवसर पर डॉ. भूरालाल श्रीमाली, डॉ. नीतू व्यास, डॉ. रजनी धाबाई, डॉ. अनुपम सुथार, डॉ. उषा शर्मा, नरपत सिंह चुंडावत, भारत कुशवाहा, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, यशवंत राव, महेशचंद्र पालीवाल और सवाराम डांगी सहित अनेक अकादमिक सदस्य उपस्थित रहे।

नौगावां पुलिस ने 52 गौवंश मुक्त कराए, 2 तस्कर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 9 अक्टूबर। जिले में गौतस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अलवर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नौगावां पुलिस थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 52 गौवंशों को गौकशी के लिए हरियाणा ले जा रहे दो गौतस्करों को गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कांबले शरण गोपीनाथ आईपीएस और वृत्ताधिकारी रामगढ़ सुनिल कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि गौतस्कर भारी संख्या में गौवंशों को पैदल-पैदल राजस्थान से हरियाणा की ओर ले जा रहे हैं।
सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के खरखड़ा बांध की पाल के पास घेराबंदी की और दोनों गौतस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से सभी 52 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कराया गया। गौतस्करों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।
गिरफ्तार आरोपी विक्रम गुर्जर पुत्र रमेश (30) और रविन्द्र गुर्जर पुत्र रमेश (20) दोनों निवासी नगला चिरावड़ा थाना नौगांवा जिला अलवर के निवासी है। पुलिस अब इस रैकेट के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।
इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली नौगावां पुलिस टीम में थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित हैड कांस्टेबल बृजमोहन और कांस्टेबल देवेन्द्र, रामगोपाल, जफ्फर, ओमप्रकाश शामिल थे।

आसींदः नेशनल हाईवे पर ट्रक से टक्कर, चाय व्यापारी और पत्नी की मौत, बेटा-बेटी और बहू घायल



24 न्यूज अपडेट

आसींद. आसींद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 158 पर गुरुवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक चाय व्यापारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई, जबकि उनके बेटे, बेटी और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया कि आसींद निवासी गौतम कावड़िया (48) और उनकी पत्नी अरुणा कावड़िया (44) अपने बेटे ऋषभ (25), बहू और बेटी के साथ नाकोड़ाजी भैरव मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। सुबह करीब 6 बजे पालड़ी गांव के पास उनकी ईको कार की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दंपती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके बेटे, बेटी और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। मृतक दंपती के शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि गौतम कावड़िया आसींद में 'आशावादी चाय' नाम से चाय पत्ती का व्यवसाय करते थे। उनका व्यवसाय आसींद और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय था और बेटा ऋषभ भी कारोबार संभालता था। पुलिस ने हादसे के आरोपी ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 3245 गर्भवती महिलाओं का निशुल्क परीक्षण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच. बामनिया ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत राज्यभर में 9 तारीख को आयोजित कार्यक्रम में सभी गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई। आज 140 चिकित्सा संस्थानों पर कुल 3245 गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई। इस अवसर पर राज्य सरकार की मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी के लिए सरकारी और पंजिकृत निजी सोनोग्राफी सेंटर पर भी भेजा गया। डॉ. बामनिया ने बताया कि हर महीने 9 तारीख को आयोजित इस अभियान में गर्भवती महिलाओं की ब्लड, यूरिन, हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जांच निशुल्क की जाती है। संभावित और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उच्च चिकित्सा संस्थानों पर भेजा जाता है, ताकि प्रसव के दौरान किसी भी जटिलता से बचा जा सके। साथ ही महिलाओं को स्तनपान, पोषण, टीकाकरण, पोषक आहार, आयरन और कैल्शियम विटामिन लेने के लिए जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना और माताओं तथा शिशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।

टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 उदयपुर में हुआ शुरू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच. बामनिया ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे देश में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। उदयपुर जिले में यह अभियान 9 अक्टूबर से 8 दिसंबर तक चलेगा। डॉ. बामनिया ने बताया कि भारत सरकार ने अभियान के लिए 6 प्रमुख रणनीतियां निर्धारित की हैं, जिनमें तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान और ग्राम, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम के प्रावधानों के तहत एंफोर्समेंट कार्यवाही, सोशल मीडिया पर जागरूकता, तंबाकू मुक्ति, तथा उपचार और परामर्श प्रशिक्षण शामिल हैं। अभियान की रूपरेखा तैयार करने हेतु जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की जाएगी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि जिले में सार्वजनिक स्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पाबंदी और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की जाएगी। जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रणव भावसार ने कहा कि 60 दिवसीय अभियान के दौरान शिक्षण और चिकित्सा संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाया जाएगा। जिला अस्पताल में संचालित तंबाकू मुक्ति उपचार केंद्र को सुदृढ़ किया जाएगा और समस्त डेंटल कॉलेजों में नए उपचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ कोटपा एक्ट के तहत उदयपुर शहर और समस्त ब्लॉकों में भी चालान कार्यवाही करेगा।

कार्यकाल पूरा कर चुके सरपंच-पंच पट्टे बांटने में करेंगे भागीदारी, चुनाव से पहले प्रक्रिया तेज

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजस्थान की लगभग 11 हजार पंचायतों में कार्यकाल पूरा कर चुके सरपंच और पंच अब गांवों में पट्टे बांटने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पंचायतीराज विभाग ने इसके लिए सभी जिला परिषदों को आधिकारिक निर्देश जारी किए हैं। पंचायतीराज आयुक्त और सचिव जोगाराम की चिट्ठी में स्पष्ट किया गया है कि कार्यकाल पूरा कर चुके पंचायतों के सरपंच और पंचों की कमेटी मिलकर पट्टे बांट सकती है। चिट्ठी में यह भी कहा गया है कि राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के प्रावधानों के तहत जहाँ वार्ड पंच की कमेटी गठित करना अनिवार्य है, वहां प्रशासक की तरफ से प्रशासकीय समिति के सदस्यों की कमेटी गठित करके पट्टा आवंटित किया जा सकता है। अधिकारों और पावर के मामले में सरपंच-पंचों की स्थिति पहले जैसी ही है। जिन ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उनमें निवर्तमान सरपंच को प्रशासक नियुक्त किया गया है, जबकि उप सरपंच और वार्ड पंचों को प्रशासकीय समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रशासक को समिति की बैठक बुलाकर काम करना होता है और इसके माध्यम से सरपंच और पंच अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम-1994 और पंचायती राज नियम-1996 के अनुसार कार्य करने वाले ये अधिकारी अब पट्टों का आवंटन कर सकेंगे। प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव अगले वर्ष होने की संभावना है। चुनाव से पहले कार्यकाल पूरा कर चुके सरपंच बड़ी संख्या में पट्टे बांटने की तैयारी कर रहे हैं। सरकार की चिट्ठी जारी होने के बाद गांवों में पट्टे बांटने की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है। हालांकि, सरपंचों को पट्टा बांटने के अधिकार देने पर विवाद की आशंका भी बनी हुई है। एक धड़ा इसे आपत्तिजनक मान रहा है। उनका कहना है कि भले ही सरपंच और प्रशासकीय समिति को प्रशासक के रूप में अधिकार प्राप्त हों, लेकिन चुनाव से पहले पट्टे बांटने से गड़बड़ी की संभावना बढ़ सकती है।

किसकी जेब में गए नोट कड़क?? आसमां से किसने उतारी यह सड़क??


रिपोर्ट - जयवंत भैरविया

24 न्यूज अपडेट

ये जो सड़क आप देख रहे हैं वो कोई सामान्य सड़क नहीं है। एकदम चकाचक, बिना गड्ढों वाली लेकसिटी की यह सड़क उदयपुर के किसी भी डिपार्टमेंट ने नहीं बनाई। यहां के प्रशासन को पता ही नहीं है कि यहां पर सड़क कैसे बन गई। आखिर वो कौनसे ग्रह-नक्षत्र थे जिनमें यहां के सभी अधिकारियों की आंखें बंद थीं और अचानक किसी ने काला जादू करते हुए इस सड़क को नदी के पेटे और कुछ निजी खातेदारों की जमीन पर इतने शानदार तरीके से उतार दिया। ऐसा काम करने के लिए लाइजनिंग करने वाले और उपर तक कड़क नोट पहुंचाने वालों के दिल, गुरदे और जिगर को हम सलाम करना चाहते हैं। हर आम शहरवासी उनसे सीखना चाहता है कि ऐसा कारनामा आखिर किया कैसे जा सकता है? दलाली और भ्रष्टाचार की दुनिया में जिन्होंने अभी-अभी कदम बढ़ाए हैं उनके लिए तो यह सड़क एक केस स्टडी है। एक रोल मॉडल है जिसके सहारे वे अपना कॅरियर चमका सकते हैं।

आप सोच रहे होंगे कि हम इधर, उधर की बातें क्यों कर रहे हैं? ये क्यों नहीं बता रहे हैं कि जनता के भरोसे का कारवां आखिर कौन लूट कर मजे मार रहा है?

तो फिर आप भी देख लीजिए। यह उदयपुर के गांव बूझड़ा का नजारा है। आपने देवास परियोजना का नाम तो सुना ही होगा। इस परियोजना से पानी उदयपुर लाया जाता है। और रास्ते में एक टनल पड़ती है जिसको कोड़ियात टनल कहते हैं। वही कोड़ियात टनल जिसमें कुछ शरारती लोग केवल सेल्फी लेने के लिए दसियां किलोमीटर अंदर चले गए थे, जान जोखिम में डालकर। और उसके बाद प्रशासन ने टनल के मुहाने को गेट लगाकर बंद कर पहरा बिठा दिया था। तो, इस कोड़ियात टनल के पास ही बनाई गई है एक आलीशान और उंचे लोग, उंची पसंद वाली होटल जिसका नाम है ताज अरावली होटल।

इस होटल तक जाने वाली जो सड़क है वो कोड़ियात टनल से निकलने वाली अमरजोक नदी के अंदर बना दी गई है। यह वही अमरजोक नदी है जिसका पानी सीधे पिछोला में जाता है।

जानकार बताते हैं कि ताज अरावली के बाहर बहने वाली अमरजोक नदी में इससे पहले कभी ऐसी कोई सड़क नहीं थी। हमारे पास जो पुख्ता जानकारी है उसके अनुसार ना तो उदयपुर की यूडीए, ना ही जल संसाधन विभाग। ना ग्राम पंचायत , ना पीडब्ल्यूडी और यहां तक कि जिला प्रशासन ने भी यहां पर कोई सड़क नहीं बनवाई है। तो फिर मौके पर यह सड़क आखिर कहां से आ गई? आखिर किसने बनवा दी इतनी हाईटेक, बिना गड्ढों वाली और एकदम वेल मेंटेन्ड सड़क। ऐसी चकाचक सड़क तो उदयपुर शहर में आपको ढूंढे नहीं मिलेगी। बीच में लाइनिंग, 60 फीट चौड़ाई। किनारों पर ताज अरावली के माइल स्टोन जैसे प्रचार बोर्ड और दूसर तामझाम। याने, ये तो पक्का है कि सड़क किसी ना किसी ऐसे फरिश्ते ने आसमान से उतारी है जिसने या तो अधिकारियों पर नोट बरसाए हैं या फिर नेताओं को मैनेज करते हुए उनकी तिजौरियों में नोटों के बादल फाड़े है।। आसमान से उतरी इस सड़क की धमक ऐसी कि यहां गार्ड पहरे दे रहे हैं। सड़क सार्वजनिक है, आपके और हमारे टेक्स के पैसों की चोरी से बनी लगती है, लेकिन मजाल कि आप इसे पार कर जाएं या इसके एक निश्चित दायरे से आगे फटक जाएं। अब सवाल उठता है कि 50 से 60 फीट चौड़ी अमरजोक नदी पेटे में अतिक्रमण करके बनाई यह सड़क कब, किसने, किसके फायदे के लिए बनाई है। जनता पूछ रही है सवाल और उदयपुर के अधिकारी व नेता मुंह छिपाते फिर रहे हैं। आखिर बताइये तो सही। किसकी जेब में गए नोट कड़क, आसमां से किसने उतारी यह सड़क। अब देखा जाए तो नदी पेटे में सड़क बनान सीधे-सीधे हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना है। मगर क्या आपको लगता है कि आजकल कोई आदेशों की परवाह करता भी है या नहीं??

सवाल ये कि क्या होटल का रसूख इतना बड़ा हो गया कि घुटनों पर बैठ जिला प्रशासन उसको प्रेम से तोहफे में सड़क गिफ्ट कर रहा है। ये तो 'हम आपके दिल में रहते हैं" टाइप मामला लगता है।

क्योंकि सड़क बनाने में लाखों का खरचा आता है, मैन और मशीन पावर लगता है। इजीनियरों का दिमाग लगता है, सरकारी परमिशन भी लगती है। इतने झमेले आखिर किसने, किसके लिए और बदले में क्या लेकर लिए, यह बड़ा सवाल है।

भाई साहब, अब सड़क बन ही गई हो हम और आप आखिर उखाड़ ही क्या लेंगे बनाने वालों का?? सब कुछ सिस्टम की दया से ही तो चल रहा है उदयपुर में।

अगर आप भी इस अद्भुत सड़क के दर्शन करना चाहें तो रामपुरा चौराहे से टर्न लेकर आगे बढ़ें और गांव बूझड़ा के रास्ते के आगे बनी होटलों के कई दिशा सूचक बोर्ड को देखते हुए आसानी से यहां तक पहुंचें। आप इसके दर्शन करके खुद को धन्य महसूस जरूर करें। क्योंकि ऐसे दिव्य दर्शन के मौके जीवन में बार-बार नहीं आते। इस सड़क के निर्माण के समय अमरजोक नदी के एक हिस्से को मिट्टी के भराव से पाट दिया गया है जो नदी को स्लो पॉइजन देने जैसा है। इससे नदी के प्राकृतिक बहाव और पारिस्थितिकी संतुलन पर भी असर होना तय है। मगर इतना सब होते हुए भी यहां के दोनों दलों के बड़ी बड़ी बातें करने वाले नेता एकदम चुप हैं। जनप्रतिनिधि चुप हैं। उंचे पदों पर बैठै अफसर चुप है। यह चुप्पी आयड़ नदी के मुद्दे में भी है और अन्य दूसरे मसलों पर भी।

सरकारी योजना में पैसा दिलाने का झांसा देकर पांच बीघा जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी और रजिस्ट्री करवाई, एक आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर . सरकारी योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाने का झांसा देकर ग्रामीणों की जमीन हड़पने के मामले में गोगुंदा थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि आठ अन्य को नामजद किया गया है। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि आरोपियों ने पीड़ितों से सरकारी स्कीम में पैसा दिलाने का भरोसा दिलाकर उनकी पांच बीघा जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी और रजिस्ट्री करवा ली थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रकाश पुत्र तख्ताराम गमेती (32), निवासी गोगुंदा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले की जांच वृताधिकारी गिर्वा सूर्यवीर सिंह राठौड़ के निर्देशन में की जा रही है। पीड़ित पक्ष — कसाल पुत्र मग्गा भील, हीरा पुत्र बाला भील, चुन्नीलाल पुत्र भजाराम भील, भूरकी बाई पत्नी नन्दा भील, बसंती पुत्री नन्दा भील और भैरूलाल पुत्र नन्दा भील, निवासी खेरावास (दादिया), थाना गोगुंदा — ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपकर बताया कि उनकी जमीन ईसवाल में स्थित है। परिवाद के अनुसार, आरोपियों ने सरकारी सहायता दिलाने का झांसा देकर उन्हें अपने साथ ले जाकर उनकी जमीन की धोखे से रजिस्ट्री बालूलाल भील और उसकी पत्नी कमला के नाम करवा दी। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ितों के खातों में 6 लाख रुपये जमा कराए, जिन्हें ई-मित्र से निकलवाकर खुद हड़प लिया, जबकि पीड़ितों को मात्र 10-10 हजार रुपये देकर टरका दिया। बाद में जब ग्रामीणों को जमीन धोखे से बिकने की जानकारी मिली, तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक उदयपुर को शिकायत दी। प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस ने बताया कि फरार नामजद आरोपियों की तलाश जारी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सरकारी योजना के नाम पर ग्रामीणों से ठगी करने का यह कोई संगठित गिरोह तो नहीं है। जिस पर थाना गोगुन्दा पर प्रकरण दर्ज कर श्री गोपाल स्वरुप मेवाडा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुसंधान श्री सूर्यवीर सिंह राठौड, वृत्ताधिकारी गिर्वा द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के बाद आरोप सही पाये जाने पर अभियुक्त प्रकाश गमेती को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अनुसंधान से अन्य आरोपीगण मसाला गैंग के HS गिरीश सिंह निवासी छिपाला, नरेश मेघवाल निवासी छिपाला, बालूलाल गमेती निवासी रामा, गणेश गमेती निवासी रामा, दिनेश जोशी निवासी बडगांव, राकेश कुमावत निवासी शम्भुपुरा चित्तौडगढ हाल देवाली उदयपुर, लोकेन्द्र सिंह निवासी वाघेरी, सागवाडा व अन्य साथियों को नामजद किया गया है।

उदयपुर में पिनकोड कार्ट एवं पिनकोड डाक का लॉन्च 12 अक्टूबर को



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 अक्टूबर 2025 (सूचना) — घरेलू ई-कॉमर्स क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से पिनकोड कार्ट और पिनकोड डाक का उद्घाटन 12 अक्टूबर को उदयपुर में किया जाएगा। संस्थापक नरेश सैनी के नेतृत्व में संचालित यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों और विक्रेताओं को कुछ नई सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने का दावा करता है। कम्पनी ने बताया है कि पिनकोड कार्ट और पिनकोड डाक पर खरीदारों के लिए ओपन बॉक्स डिलीवरी, डिलीवरी के बाद भुगतान (COD) तथा हैंड-टू-हैंड रिटर्न जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। संचालन राष्ट्रीय स्तर पर है और कंपनी का कहना है कि मंच के माध्यम से अब तक 6,00,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। लॉन्च एकसाथ 756 केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। उदयपुर में निर्धारित समारोह में लगभग 10,000 अतिथियों के शामिल होने की व्यवस्था है, जबकि कंपनी के अनुमान के अनुसार समग्र तौर पर 756 केन्द्रों पर 8,00,000 से 10,00,000 लोगों की भागीदारी अपेक्षित है। उद्घाटन कार्यक्रम में कुछ नामी हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी; इनमें अभिनेता सोनू सूद और यूट्यूबर अभिषेक मल्हार (फुकरे इंसान) के साथ-साथ JJ कम्युनिकेशन व तिजारा वाइन्स के प्रतिनिधि शामिल बताए गए हैं। संस्थापक नरेश सैनी का कहना है कि उनका लक्ष्य उन लोगों के लिए आर्थिक अवसर पैदा करना है जिनके पास बड़ी पूँजी या टीम नहीं है, ताकि वे वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना व्यवसाय चला सकें। कंपनी के पक्ष में प्रस्तुत कहानी में बताया गया है कि यह पहल छोटे-बड़े विक्रेताओं और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में काम करेगी।

एमपीयूएटी ने प्रदेश में शुरू किया पहला कम्युनिटी रेडियो स्टेशन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी) अब प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय बन गया है, जिसने कम्युनिटी रेडियो स्टेशन शुरू किया है। प्रसार शिक्षा निदेशालय परिसर में ढाई वर्ष की मेहनत के बाद तैयार हुए रेडियो स्टेशन का लोकार्पण कुलगुरू डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने किया। एमपीयूएटी प्रताप रेडियो 90.4 एफ.एम. पर प्रतिदिन कार्यक्रम प्रसारित होंगे। स्टेशन से खासकर उदयपुर जिले के दूरदराज के आदिवासी क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों के किसानों, पशुपालकों और महिलाओं तक कृषि, उद्यानिकी, शूकर पालन, फसल बीमा और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही मनोरंजन, शिक्षा और समाज उत्थान से जुड़े कार्यक्रम भी प्रसारित किए जाएंगे। समारोह में ऑनलाइन शामिल शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि डिजिटल युग में भी रेडियो की महत्ता कम नहीं हुई है। यह सस्ता, सुलभ और सार्वभौमिक माध्यम है, जो सूचना और शिक्षा के साथ मनोरंजन भी प्रदान करता है। कुलगुरू डॉ. कर्नाटक ने बताया कि रेडियो तनाव कम करने में सहायक है और यह किसानों की आय बढ़ाने तथा बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के परिपत्र के बाद प्रदेश के पांचों कृषि विश्वविद्यालयों ने प्रयास किया, लेकिन एमपीयूएटी को ही सफलता मिली। विशिष्ट अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. अरविंद वर्मा और पूर्व प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. आर.ए. कौशिक ने बताया कि स्टेशन से 25 किलोमीटर के परिक्षेत्र में सीमावर्ती और दूरदराज के गांवों में प्रसारण किया जा सकेगा। प्रारंभिक प्रसारण सोमवार से शुक्रवार, सुबह 11 बजे से 1 बजे तक होगा, जिसे भविष्य में बढ़ाया जाएगा। रेडियो का उद्देश्य समुदाय के विकास के लिए जानकारी देना, स्थानीय वाणी को मंच प्रदान करना, कृषि और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुँचाना, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रसारित करना और किसानों के अनुभव साझा करना है। उद्घाटन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के आठ कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रमुख, कृषि वैज्ञानिक, वल्लभनगर क्षेत्र की 40 से अधिक कृषि सखियां, प्रसार शिक्षा निदेशालय के अधिकारी और तकनीकी स्टाफ मौजूद थे।

उदयपुरः स्कूल मालिक पर जमीन पर जबरन कब्जा और धमकी देने का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की मांग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर 2025 — डबोक क्षेत्र के ग्रामवासियों ने स्थानीय स्कूल के मालिक सुरेन्द्र मालवीया पर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि मालवीया ने राजस्व ग्राम बामणिया खेत, पटवार हल्का डबोक, तहसील मावली में स्थित तीन भूखंडों (आराजी संख्या 1804, 1805, 1807) में जबरन कब्जा करने का प्रयास किया है। कुल रकबा 0.6475 हेक्टेयर है।

शिकायत में प्रार्थियों ने बताया कि उक्त जमीन भेरूजी बावजी मन्दिर के पास स्थित है और जमीन के गलत खाते में दर्ज होने का मामला न्यायालय में लंबित है। प्रार्थियों का कहना है कि स्कूल मालिक ने इस जमीन में स्कूल की बस खड़ी कर दी और इसे हटाने की मांग करने पर धमकियाँ दीं। आरोप है कि मालवीया गुण्डा तत्वों के जरिए प्रार्थियों को फंसाने की कोशिश कर रहा है और मन्दिर की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। शिकायत में प्रार्थियों — बाबूलाल पुत्र अमराजी गाडरी और अन्य ग्रामवासी — ने पुलिस अधीक्षक उदयपुर से मांग की है कि सुरेन्द्र मालवीया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए, तथा उसे निर्देश दिया जाए कि वह जमीन पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि न करे और मन्दिर की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें
desk24newsupdate@gmail.com

"आदिवासी इस देश के मालिक हैं, गुलामी हमें मंजूर नहीं" - दुलीचंद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। अखिल भारतीय किसान सभा और आदिवासी जनाधिकार एका मंच के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को झाड़ोल उपखंड कार्यालय पर विभिन्न जनमुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन व आमसभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए मंच के राज्य अध्यक्ष दुलीचंद ने कहा कि "आदिवासी इस देश के मूल निवासी हैं, हम इसके मालिक हैं, लेकिन सरकारों ने हमें गुलाम बनाकर रखा है, जो अब हमें मंजूर नहीं।" उन्होंने कहा कि आदिवासियों को सदियों से लूटा गया और शोषित किया गया है, जबकि सरकारें "आदिवासी बनाम गैर-आदिवासी" का झूठा मुद्दा बनाकर असली सवालों से ध्यान भटका रही हैं। दुलीचंद ने कहा कि झाड़ोल का लाल झंडा आंदोलन का गौरवशाली इतिहास रहा है, जिसने आदिवासियों को वन भूमि पर कब्जे दिलाने और वेठ वेगार के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने चेतावनी दी कि "अगर गरीब और आदिवासी की भूख की आग दिमाग पर चढ़ गई, तो यह पूरा तंत्र हिल जाएगा।" मंच के राज्य सचिव विमल भगोरा ने कहा कि आज जो अधिकार आदिवासियों को मिले हैं, वे कम्युनिस्टों के संघर्ष की देन हैं, लेकिन निजीकरण से ये अधिकार भी छीने जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार वनाधिकार कानून को सही तरीके से लागू करे और विस्थापितों के पुनर्वास की नीति बनाए। सभा को राजेश सिंघवी, बाबूलाल वडेरा, फाल्गुन बराड़ा, हाकरचंद खराड़ी व अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जबकि विकास योजनाओं का लाभ आमजन तक नहीं पहुंच पा रहा। सभा के बाद प्रेम पारगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी, झाड़ोल को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि वनभूमि पर जितना कब्जा है, उतने पट्टे जारी किए जाएं, मनरेगा में साल में 200 दिन का काम और 600 प्रतिदिन मजदूरी दी जाए, आदिवासी युवाओं को रोजगार और 10,000 मासिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। कार्यक्रम का संचालन प्रभुलाल भगोरा ने किया।

नारायणलाल सलाया ने किया जनसंपर्क, चुनाव 12 को



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सालवी समाज, साठ खेड़ा, खेरोदा चौकी के आम चुनाव आगामी 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को श्रीनाथ समिति भवन, ग्लास फैक्ट्री में संपन्न होंगे। चुनाव को लेकर समाज में तैयारियाँ जोरों पर हैं। सभी प्रत्याशी पुरजोर तरीके से प्रचार कर रहे हैं। कई जगह बैनर लगाए गए हैं तो सोशल मीडिया का भी प्रचार में जमकर उपयोग किया जा रहा है। इस बार युवाओं ने अध्यक्ष पद पर युवा, कर्मठ, मृदुभाषी एवं समाजसेवी प्रत्याशी नारायणलाल सलाया को उम्मीदवार बनाया है। सलाया ने प्रचार अभियान प्रारंभ करते हुए जनसंपर्क की शुरुआत देबारी स्थित घाटा वाली माताजी के दर्शन से की, जहां प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे अपनी स्कूटी पर अकेले ही ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर निकल पड़े। उनका यह जनसंपर्क दौरा देबारी, जिंक स्मेल्टर, उदय सागर चौराहा, बिछड़ी, छोटा गुड़ा, साकरोदा, माल की टूस, मंदेरिया, बिछावेडा, मजावड़ा, लक्ष्मणपुरा, मोडी, बाठेड़ा, डांगियों की मावली, खरसान, खेरोदा, अमरपुरा, भोपाखेड़ा, मेनार, खोखरवास, भटेवर आदि गांवों से होता हुआ लक्ष्मणपुरा में रात्रि विश्राम पर समाप्त हुआ। आज सुबह उन्होंने पुनः दरौली, मंदेसर, महाराज की खेड़ी, वासलिया, डांगियों की टूस, डबोक, सीमेंट फैक्ट्री, मेड़ता, भैंसड़ा, गुडली होते हुए पुनः घाटा वाली माताजी के दर्शन कर ग्रामीण दौरे का समापन किया। प्रत्याशी सलाया ने बताया कि पूरे दौरे में युवाओं, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का उत्साहपूर्ण समर्थन मिला तथा सभी ने उन्हें पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान "इस बार युवा सरकार" का नारा भी बुलंद किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह उनका गरमजोशी से स्वागत और सम्मान किया गया। समाजजनों ने नारायणलाल सलाया के अब तक किए गए निस्वार्थ कार्यों और सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद और समर्थन प्रदान किया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।